# दो हजार बोतल नकली गुलाब जल व रैपर बरामद, दो गिरफ्तार

**हिंदी न्यूज़| बिहार | नवादा**

Publish Date:Tue, 02 Jul 2019 06:32 AM (IST)



**जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर मोड़ के पास सोमवार को पुलिस ने दो दुकानों में छापामारी कर भारी मात्रा में नकली गुलाब जल व रैपर बरामद किया है। इस दौरान दो विक्रेताओं को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि डाबर कंपनी के विक्रय अधिकारी गौरव कुमार को फतेहपुर मोड़ के पास अवैध रुप से नकली गुलाब का पानी बेचे जाने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आलोक में जांच की गई तो मामला सही पाया गया। तत्काल उन्होंने थानाध्यक्ष को सूचना उपलब्ध करा छापामारी का अनुरोध किया।**

**थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि चिन्हित दो दुकानों में एक साथ छापामारी कर दो हजार नकली गुलाबरी व** 320 **रैपर बरामद किया गया। तत्काल दोनों दुकानों के दुकानदार राजेश कुमार व राजेन्द्र साव को गिरफ्तार कर लिया गया। इस बाबत कंपनी के विक्रय अधिकारी के बयान पर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच आरंभ की है। बता दें इसके एक माह पूर्व थाना क्षेत्र के मस्तानगंज से भारी मात्रा में फाच्र्युन का नकली सरसों तेल बरामद किया गया था।**

Posted By: **Jagran**

Source: [https://www.jagran.com/bihar/nawada-two-thousand-bottles-of-fake-rose-water-and-rapper-recovered-two-arrested-19361240.html](https://www.jagran.com/bihar/nawada-two-thousand-bottles-of-fake-rose-water-and-rapper-recovered-two-arrested-19361240.html)